आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 15.01.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में प्रसिद्ध माघ मेले का उद्घाटन किया, कहा– उत्तरकाशी आध्यात्मिक पहचान के साथ विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर।
- पौड़ी जिले की न्याय पंचायत पित्रसैंण में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन।
- नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक–2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया।
- और... पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग क्षेत्र में कल एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मृत्यु।

**माघ मेला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के रामलीला मैदान में प्रसिद्ध माघ मेला– 'बाड़ाहाट कू थौलू' का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला लोक आस्था का महाकुंभ है और इसी दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी अपनी आध्यात्मिक पहचान के साथ विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियाँ केवल फाइलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है।

सप्ताह भर चलने वाला यह पौराणिक मेला जिले की विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। मेले में भाग लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण लोक देवताओं की डोलियाँ और धार्मिक प्रतीकों के साथ श्रद्धालु उत्तरकाशी पहुँच रहे हैं।

सरकार जनता के द्वार

पौड़ी जिले की न्याय पंचायत पित्रसैंण में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत एक बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान केवल फाइलों में नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा तय की गई।

शिविर में पहुँचे लाभार्थियों ने कहा कि उनकी सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

उत्तरायणी कौथिग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरायणी कौथिग को उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की साझा सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक अद्भुत मंच बताया है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने उत्तरायणी, मकर संक्रांति और घुघुतिया पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरायणी केवल एक लोक पर्व नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान और अपनी जड़ों से जुड़ाव का सशक्त प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकगीत, लोकनृत्य, लोकभाषा, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों की झलक हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ–साथ स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करती है।

**नीति आयोग**

नीति आयोग की ओर से जारी निर्यात तैयारी सूचकांक–2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर देशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह उपलब्धि राज्य की निर्यात–उन्मुख नीतियों, बेहतर कारोबारी माहौल और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे का परिणाम मानी जा रही है। इसके साथ ही, यह उपलब्धि राज्य को निवेश और औद्योगिक विकास के नए अवसरों की ओर ले जाने वाला महत्वपूर्ण कदम भी है।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सरकार की निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और राज्य की अर्थव्यवस्था और अधिक सशक्त हो।

**जागे□वर धाम**

प्राचीन परंपरा के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर अल्मोड़ा जिले के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ को 251 किलोग्राम शुद्ध देशी गाय के घी से बनी घृत गुफा में आच्छादित किया गया।

मंदिर के मुख्य पुजारी महामंडलेश्वर पंडित हेमंत भट्ट सहित अन्य पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घृत गुफा का निर्माण किया और विशेष पूजा–अनुष्ठान के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को घृत गुफा में स्थापित किया।

आकाशवाणी से बातचीत में मुख्य पुजारी पंडित हेमंत भट्ट ने बताया कि एक माह के बाद घृत गुफा को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया जाता है, जिससे अनेक असाध्य रोगों से मुक्ति मिलने की मान्यता है।

**वनाग्नि**

चमोली जिले में लक्ष्मण गंगा और विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी क्षेत्र के सामने वाली पहाड़ियों में पिछले पाँच दिनों से लगी आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं।

सर्दियों के मौसम में पहाड़ियों पर पाला जमने के कारण वन विभाग की टीमों को आग प्रभावित क्षेत्रों तक पहुँचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस बीच, हेलीकॉप्टर के माध्यम से वनाग्नि क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया गया है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आग पर काबू पाने के लिए आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**दुर्घटना**

पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग क्षेत्र में कल एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव दल ने मौके पर पहुँचकर घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरीनाग पहुँचाया, जहाँ से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

ईरान में प्रदर्शनों के बीच बिगड़े हालात की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– भारतीयों को तुरंत ईरान छोड़ने की सलाह कतर बेस से अमेरिका ने हटाए सैनिक, हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा– भारतीय ईरान से निकले।

उत्तराखंड में लंबित भूमि संबंधी विवादों पर दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखा है– भूमि निपटाने को विशेष अभियान।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बेटी से दरिंदगी पर वायुसेना कर्मी को बीस साल की कैद।